प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयागराज दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लिया महाकुंभ की तैयारियों का जायजा : कहा– प्रधानमंत्री के सामने रखेंगे डिजिटल कुंभ की अवधारणा।
2. केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री किंजरापू राममोहन नायडू ने आज किया प्रयागराज हवाई अड्डे का दौरा : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कल करेंगे रेलवे ट्रैक दोहरीकरण परियोजना का निरीक्षण।
3. प्रदेश में महाराजगंज, बिजनौर, अयोध्या समेत पांच जगहों पर खोले जाएंगे नए केंद्रीय विद्यालय, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी।

और

4. केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने रायबरेली जौनपुर खंड पर ग्रीनफील्ड बाइपास निर्माण के लिए दी स्वीकृति।

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 दिसंबर को महाकुम्भ 2025 की तैयारियों का जायजा लेने प्रयागराज आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज तैयारियों का जायजा लेने प्रयागराज पहुंचें । मुख्यमंत्री ने महाकुंभ से जुड़ी तैयारियों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने महाकुंभ 2025 के आयाजन को सफल और सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों को निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयागराज आगमन पर डिजिटल कुंभ की प्रस्तुति दी जाएगी। बाइट......

*सभी को मिलकर के एक स्वच्छ सुरक्षित और सुव्यवस्थित कुंभ को व डिजिटल कुंभ के रूप में प्रस्तुत करना है। प्रधानमंत्री जी का आगमन होने जा रहा है और प्रधानमंत्री जी के आगमन पर डिजिटल कुंभ की जो अवधारणा होगी उसको भी डिस्प्ले के सामने किया जाएगा। कैसे हर एक चीज़ सुरक्षा में कैसे हम डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग है। कैसे स्वच्छता में डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहे हैं कैसे अन्य कार्यों में हम डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहे हैं ये सभी कुछ उनके सामने प्रस्तुत करने का एक अवसर प्राप्त होगा।*

———————————

केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने आज प्रयागराज हवाई अड्डे का दौरा किया और नए टर्मिनल भवन के निर्माण कार्य की समीक्षा की। इस अवसर पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। श्री नायडू ने बताया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर सुविधाओं को बढ़ा रही हैं। उन्होंने बताया कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एयरपोर्ट की क्षमता का विस्तार किया जा रहा है। ये कार्य 31 दिसंबर तक पूरे कर लिए जाएंगे। बाइट.....

*अभी जैसे लोग आएंगे कुम्भ के लिए तो उसका कैपेसिटी हमें बढ़ाना है तो उसके लिए हम जो एक्जिस्टिंग टर्मिनल बिल्डिंग है उसको छह हज़ार से करीब आठ हज़ार तक कर रहे हैं और जो नया टर्मिनल जो है उसका भी हम अभी सत्रह हज़ार और वहाँ पे भी कैपेसिटी बढ़ा रहे हैं। तो ये कुल मिलाकर। जो यहाँ पे लोगों की जो आने की संभावना है उन सबको कैटर करेगा। हमारी तरह से ये प्रयास है कि ये यर एंडिंग से डिसेंबर आखिरी तक ये सारे कामों को पूरा करके एक अच्छी तरह यहाँ पे एक एयरपोर्ट और टर्मिनल बिल्डिंग के सारे काम उसको निपटाएं तो ये कोशिश हमारी तरफ से है।*

——————————

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयागराज दौरे से पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लेने कल प्रयागराज पहुंच रहे हैं। श्री वैष्णव प्रयागराज और वाराणसी के बीच रेलवे ट्रैक दोहरीकरण परियोजना का निरीक्षण करेंगे। इस परियोजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री 13 दिसंबर को करेंगे। पेश है एक रिपोट..........**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 दिसंबर को प्रयागराज और वाराणसी के बीच के रेलवे ट्रैक दोहरीकरण परियोजना का शुभारंभ करेंगे। रेलवे की तरफ से प्रयागराज और वाराणसी के बीच के ट्रैक दोहरणीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले कल रेल मंत्री कल परियोजना का निरीक्षण करेंगे। इसके अन्तर्गत गंगा रेलब्रिज का निर्माण कार्य भी पूरा हो चुका है। महाकुम्भ के दौरान इस ट्रैक से ट्रेनों का परिचालन शुरू हो जाएगा। इसके अलावा श्री वैष्णव झूंसी, फाफामऊ और प्रयागराज जंक्शन का निरीक्षण करेंगे। साथ ही महाकुंभ मेला तैयारियों को लेकर रेलवे अधिकारियों और राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

——————————

महाकुंभ 2025 को भव्य और दिव्य बनाने के लिए प्रदेश सरकार के मंत्रियों द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में निमंत्रण बांटे जा रहे हैं। इसी क्रम में आज कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही असम पहुंचे। श्री शाही वहां महाकुंभ को लेकर दिसपुर में आयोजित एक रोड शो में शामिल हुए।

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने प्रदेश में पांच केंद्रीय विद्यालयों सहित देशभर में 85 नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने को मंजूरी दे दी है। इनमें जौनपुर के पयागपुर, महाराजगंज, बिजनोर, अयोध्या के चांदपुर और कन्नौज शामिल है। इस के लिए 2025–26 से आठ वर्षों की अवधि के लिए लगभग 5 हजार 872 करोड़ रुपये की लागत निर्धारित की गई है। कल नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इन नए केंद्रीय विद्यालयों के खुलने से देश में सस्ती और बेहतर शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। बाइट......

*85 नए केंद्रीय विद्यालय खोले जाएंगे और एक केंद्रीय विद्यालय को एक्सपेंड करने का अप्रूवल मिला है और इसमें 82 थाऊजेंड 560 स्टूडेंट्स को इसका बेनिफिट मिलेगा और नया एमप्लॉएमेंट भी क्रिएट होगा 5388 रेगुलर जॉब्स क्रिएट होंगे इसमें और अप्रूव्ड अमाउंट है केंद्रीय विद्यालय के लिए जो आज के कैबिनेट में हमारे प्रधानमंत्री जी ने अप्रूव किया है 5872 करोड़।*

———————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया है कि प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग–31 के रायबरेली–जौनपुर खंड पर लालगंज अझारा, माहनगंज और रानीगंज में टू–लेन ग्रीन फील्ड बाईपास के निर्माण के लिए स्वीकृति दी गई हैं। इस निर्माण में 1 हजार 272 करोड़ रुपए से अधिक की लागत आयेगी। श्री गडकरी ने अपने सोशल मीडिया एकाउन्ट पर जानकारी देते हुए कहा कि बाईपास के निर्माण से लखनऊ–वाराणसी कॉरिडोर की लॉजिस्टिक दक्षता में वृद्धि होगी और यात्रा समय में बचत होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाईपास निर्माण की स्वीकृति दिए जाने पर श्री गडकरी का आभार जताया है।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज वाराणसी के स्वर्वेद, महामंदिर धाम में आयोजित विहंगम योग संत समाज की स्थापना के शताब्दी समारोह महोत्सव में शामिल हुए। कार्यक्रम में लाखों लोगों के मौजूद होने के बावजूद यहां की सुचारू व्यवस्था की श्री योगी ने तारीफ की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों के चलते काशी का कायाकल्प हो गया है। बाइट......

*काशी से प्रधानमंत्री मोदी जी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और काशी को उन्होंने दस वर्ष में चमका दिया है। क्या से काया काशी की कायाकल्प हो गई है। आज काशी में काशी विश्वनाथ धाम है। आज काशी में नमो घाट है। देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा स्नान है। घाट जहां पर हेलीपैड भी है, बड़े बड़े कार्यक्रम हो सकते हैं।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज वाराणसी में ही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पिंडरा के नेशनल इंटर कॉलेज में आयोजित 401 जोड़ों के विवाह समारोह में उपस्थित हुए।

———————

प्रदेश भर में आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जा रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस अवसर पर भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, वीरता, धैर्य और बलिदान को नमन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सशस्त्र बलों के वीर जवानों और उनके परिजनों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।

———————

प्रदेश में कल से पल्स पोलियो अभियान शुरु हो रहा है। इसको लेकर आज कई जिलों में पल्स पोलियो जागरुकता अभियान चलाया गया। महोबा में इस अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में स्कूली बच्चों ने जनता से अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने की अपील की। बदायूं और मऊ में भी जागरूकता रैली निकाली गई। देवरिया में जिलाधिकारी ने पल्स पोलियो अभियान में आम जन मानस से बच्चों को पोलियो दवा पिलाने की अपील की।

——————————

प्रदेश में चली तेज पछुआ हवाओं से पिछले 3 दिनों के दौरान तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। उत्तर–पश्चिमी भारत की ओर बढ़ रहे पश्चिमी विक्षोभ के चलते 8 से 9 दिसबर के दौरान प्रदेश में ठंड बढने की संभावना है। पूर्वांचल समेत प्रदेश के उत्तरी इलाकों में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने तापमान गिरने से तराई इलाकों में घने कोहरे की भी संभावना जताई है।

(समाप्त)